दिनांक 11.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई**

भिलाईनगर/ मौसमी बिमारियों के रोकथाम, बचाव तथा मच्छर उन्मूलन के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का द्वितीय चरण निगम भिलाई क्षेत्र के 43 वार्डों में दिसम्बर 2018 से 30 मार्च 2019 तक लगाये जाने के निर्देश आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने दिये हैं।

आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा जारी विशेष शिविर कार्यक्रम के अनुसार शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला भिलाई के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम शिविर तिथि को प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं मौसमी बिमारियों के बचाव हेतु आवश्यक उपाय बताया जायेगा। शिविर स्थल के वार्ड में स्प्रेयर पम्प से दवाई का छिड़काव कर मच्छर उन्मूलन, नाली एवं गंदे स्थानों के जमाव पानी में कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जायेगा। शिविर वार्ड 29 खुर्सीपार जोन 02 बापूनगर के आंगनबाड़ी के पास नेहरु चौक तथा सतनामी मोहल्ला राजीव नगर में 10 दिसम्बर से 22 फरवरी तक, वार्ड 04 राधिका नगर के मिनीमाता चौक कृष्णानगर एवं रैश्नेआवास में 12 दिसम्बर से 25 फरवरी तक, वार्ड 21 सुंदर नगर केम्प–01 में तालाब किनारे सुंदर नगर एवं सांस्कृतिक मंच के पास जे.पी. नगर में 13 दिसम्बर से 27 फरवरी 2019 तक, 05 लक्ष्मीनगर में सांस्कृतिक मंच दुर्गापारा लक्ष्मीनगर व सांस्कृतिक मंच राजीव में 14 दिसम्बर से 28 फरवरी 2019, वार्ड 17 वृन्दानगर में अटल आवास के पास अर्जुन नगर, आंध्रा स्कुल के पास स्टील नगर एवं खान किराना दुकान के पास छपरा मो. वृन्दा नगर में 17 दिसम्बर से 01 मार्च 2019 तक, वार्ड 28 छावनी बस्ती में लक्ष्मण नगर एवं शंकर नगर व राजीव नगर (उड़िया मोहल्ला एवं शिव मंदिर के पास) एवं श्रमिक नगर में 19 दिसम्बर से 5 मार्च तक, वार्ड 06 सुपेला बाजार में गणेश मंच इंदिरा नगर में 20 दिसम्बर से 06 मार्च तक, वार्ड 63 रुआबांधा बस्ती में गांधी चौक रुआबांधा एवं सांस्कृतिक मंच के पास यादव मोहल्ला में 21 दिसम्बर से 07 मार्च तक, वार्ड 31 खुर्सीपार जोन 03 दुर्गा मंदिर में जय स्तंभ चौक के पास मिनीमाता नगर एवं दुर्गा मंदिर के पास स्थित सांस्कृतिक मंच में 24 दिसम्बर से 08 मार्च तक, वार्ड 13 राजीव नगर सुपेला में जहाज बिल्डिंग के सामने स्थित श्रमिक बस्ती रामनगर एवं निष्ठा महिला मंडल कार्यालय के पास 26 दिसम्बर से 11 मार्च तक, वार्ड 24 शारदा पारा केम्प–02 में सांस्कृतिक भवन के पास दुर्गापारा व जय स्तंभ के पास भैरव बस्ती 27 दिसम्बर से 13 मार्च तक, वार्ड 37 खुर्सीपार जोन 01 चन्द्रशेखर आजाद नगर में बम्लेश्वरी मंदिर के पास सुभाष नगर एवं शासकीय स्कुल के पास 28 दिसम्बर से 14 मार्च तक, वार्ड 07 फरीद नगर कोहका में शिव पारा मुरुम खदान एवं आदिवासी मोहल्ला में 31 दिसम्बर से 15 मार्च तक शिविर का आयोजन किया जावेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी